दिनांक 11.07.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार नियोजन के लिए सुगम मॉडल पहल का अनावरण किया–प्रदेश में भी जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन।
- बजट में युवाओं के लिए की गई घोषणाओं के लिए बड़ी संख्या में युवाओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।
- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कई जगह पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित।
- प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश।

000

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में परिवार नियोजन के लिए सुगम मॉडल पहल का अनावरण किया। सुगम मॉडल को माँ और बच्चे की भलाई के लिए गर्भधारण के स्वस्थ समय और अंतराल के लिए डिज़ाइन किया गया है। विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभागों के साथ एक वर्चुअल बैठक में श्री नड्डा ने कहा कि आज का दिन भारत में परिवार नियोजन के अतीत, वर्तमान और भविष्य का आत्मनिरीक्षण करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि आगामी रणनीतियों को राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के साथ लागू किया जाना चाहिए और उच्च जनसंख्या दर वाले राज्यों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने नई परिवार नियोजन–सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री भी जारी की। प्रदेश में विश्व जनसंख्या दिवस पर सभी जिलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से जनसंख्या नियंत्रण सफलता मिल रही है।

................................

कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने की। इस मौके पर परिवार नियोजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं तथा जिलों को सम्मनित किया गया। जोधपुर में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस पर **"एक विद्यार्थी–एक पेड़"** की संकल्पना के आधार पर विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सवाईमाधोपुर में जिला स्तरीय समारोह में जिला कलेक्टर डॉ खुशाल यादव ने जनसंख्या स्थायित्वकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत समिति, ग्राम पंचायत, चिकित्सा अधिकारियों, ए एन एम और आशा सहयोगिनी कार्मिकों को सम्मानित किया। बूदी में इस मौके पर जनचेतना गतिविधियों का आयोजन हुआ। जिसमें ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य मेले सहित जागरूकता रैलियां निकाल आमजन को छोटे परिवार की अवधारणा से रूबरू कराया गया। जिला स्तरय कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ओ.पी. सामर द्वारा जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही संगोष्ठी का आयोजन और स्वास्थ्य मेला जिला अस्पताल परिसर में आयोजित किया गया। सलूंबर के लसाडिया में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर अधिकारियों को जन सस्याओं के त्वरित निपटरों के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परिवादियों को शीघ्र राहत पहुंचाने का कार्य किया जाए। अलवर के जिला अस्पताल में जनसंख्या दिवस मनाया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।

000

राज्य के वर्ष 2024–25 के बजट में युवाओं के लिए की गई घोषणाओं के लिए आज बड़ी संख्या में युवाओं ने मुख्यमंत्री आवास पहुंच कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा देश के स्वर्णिम भविष्य का आधार हैं। युवाओं की ऊर्जा तथा उत्साह से राजस्थान प्रगति की एक नई इबारत लिखेगा। श्री शर्मा ने कहा कि इस बजट में युवाओं के लिए इस वर्ष में 1 लाख नौकरियां की घोषणा की गई है।

राज्य सरकार सार्वजनिक, निजी तथा व्यावसायिक सहित सभी क्षेत्रों में युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं से मिलकर संवाद भी किया।

000

प्रदेश में 13 जुलाई शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जायेगी। इसमें आपसी राजीनामे से मामलों का निपटारा किया जाएगा। राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश की सभी निचली अदालतों के साथ–साथ राजस्व न्यायालयों, उपभोक्ता मंचों और अन्य प्रशासनिक अधिकरणों में लोक अदालत लगेगी। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर पीठ में रालसा के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा राजस्थान हाईकोर्ट के नये भवन के परिसर में किया जाएगा। वहीं राजस्थान उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ जोधपुर में न्यायाधिपति पुष्पेन्द्र सिंह भाटी द्वारा इसा शुभारंभ किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए रालसा सदस्य सचिव हरिओम अतरी ने कहा कि प्रकरणों की सुनवाई के लिए अधीनस्थ न्यायालयों की कुल 512 बैंचों का गठन किया गया है। ये बैंचें प्रकरणों की ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से सुनवाई करेंगी। श्री अतरी ने बताया कि इन बैंचों में 9 जुलाई तक 5 लाख 72 हजार प्री लिटिगेशन और 4 लाख 70 हजार न्यायालयों में लम्बित प्रकरण सुनवाई के लिए रैफर किये जा चुके हैं। इसके बाद भी बडी संख्या में प्री–लिटिगेशन और लम्बित प्रकरण रैफर किए

गए हैं। बालोतरा में राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज इस सिलसिले में स्कूली छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने आज राजभवन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत कपूर वृक्ष का रोपण किया। राज्यपाल की पहल पर राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी इस अभियान के तहत राजभवन में नीम के 50 पौधे लगाए। राज्यपाल ने नागरिकों से अभियान के तहत अधिकाधिक पेड़ लगाने के साथ ही उनका संरक्षण किये जाने का आह्वान किया।

निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओ पी बुनकर ने भी इस अभियान के तहत विभागीय मुख्यालय परिसर में पौध रोपण कर अधिकारियों और कर्मचारियों को भी इस के लिए प्रेरित किया।

राजस्थान विश्वविद्यालय में आज से एक पेड एक विद्यार्थी की शुरूआत हुई। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा और जयपुर ग्रेटर नगर निगम सौम्या गुर्जर ने विश्वविद्यालय पसिर में पौधे लगाकर अभियान की शुरूआत की।

इस बीच मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान में जयपुर स्थित आरण्य भवन में आज प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरिजीत बनर्जी और अन्य अधिकारियों ने पौधे लगाये श्री बनर्जी ने कहा कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान में इस मॉनसून में 7 करोड पौधों का वितरण और रोपण के साथ–साथ 20 नगर वन और 33 लवकुश वाटिका सहित 80 हजार हेक्टयर में पौधारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि वन विभाग की पौधारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि वन विभग की पौधशालाओं से एक जुलाई से अब तक लगभग 80 लाख पौधे वितरण किये जाा चुके हैं।

डूंगरपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेद औषधालय सीथल में पौधरोपण कार्यक्रम में औषाधीय पौधे लगाये गये।

000

करगिल विजय दिवस के रजत जयंती समारोह के तहत विशेष कार रैली आयोजित की जा रही है। सप्त शक्ति कमांड, जयपुर के प्रेरणा स्थल से **'हाट्र्स टू ब्रेवहाट्र्स'** कार रैली को आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। ये कार रैली अखिल भारतीय रैली है और इसकी यात्रा पूर्व में किबिथू, दक्षिण में कोच्चि तथा  पश्चिम में तनोट से शुरू हुई। यह टीम 10,000 किलोमीटर की दूरी तय कर दिल्ली में एकत्रित  होगी और अंत में करगिल युद्ध स्मारक पर समाप्त होगी। रैली का उद्देश्य करगिल युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि देना है। रैली के शुभारंभ मौके पर आर्मी कमांडर ने बहादुर सैनिकों की वीरता और बलिदान की सराहना की, जिन्होंने करगिल ऑपरेशन के दौरान कठिन मौसम और प्रतिकूल परिस्थितियों में युद्ध कर निर्णायक जीत हासिल की। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए बहादुरी से लड़ने वाले सभी सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

000

प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार टोंक जिले में कहीं–कहीं पर भारी बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा 66 मिलीमीटर बरसात टोंक के नगर फोर्ट में रिकॉर्ड की गई। बारां में दोपहर बाद हल्की बारिश हुई इससे लोगों को उमस से राहत मिली। हनुमानगढ में तेज हवा के साथ जोरदार बरसात हुई। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अच्छी बारिश हुई है। इस बीच जयपुर में तेज उमस रही। मौसम विभाग ने कहा है कि आज मानसून ट्रफ लाइन बीकानेर, जयपुर से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से आज उदयपुर, कोटा, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। जोधपुर संभाग के अधिकांश भागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने के आसार हैं। कल से मॉनसून ट्रफ लाइन के हिमालय की ओर शिफ्ट होने से राज्य के अधिकांश भागों में आगामी तीन–चार दिन पश्चिमी हवाओं के प्रभावी होने तथा बारिश की गतिविधियों में कर्मी होने की प्रबल संभावना है। प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में 16 जुलाई मॉनसून फिर सकिय होने तथा बारिश की गतिविधियों में बढोतरी होने की संभावना है।

0000

बूंदी जिले के हिंडोली उपखंड के बड़ौदिया गांव में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही उनका समाधान कर ग्रामीणों को राहत दी। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रात्रि चौपाल में मौजूद रहकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाया।
टोंक जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने देवली में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की समस्याओं सुना और अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिये।

000

राजसंमद में आज चारभुजा थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि सुबह राष्ट्रीय राज मार्ग 8 पर मानसिंह का गुडा में अनियंत्रित टेंकर कार पर पलट गया। इससे कार में सवार 4 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों में दो पुरूष और दो महिला शामिल है। हादसे के दौरान पीछे आ रहा ट्रेलर भी क्षतिग्रस्त हो गया।

000

हनुमानगढ़ जिले के स्थापना दिवस पर जिला कलेक्टर काना राम और आमजन ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। जिला कलेक्टर ने दुकानदारों से सड़क पर कचरा नहीं डालने की अपील की। इस मौके पर जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

000